(b) and (c) Do not arise, (d) No, Sir.

Regulation of Flow of Water of river Gang*

1170. SHRIMATI BIJOYA CHAKBAVARTY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the river Ganga is changing its course towards westerly direction at an alarming rate, causing serious threat to Calcutta Port;

(b) if so, what steps are being taken in this regard;

(c) whether it is also a fact that there has been heavy erosion on the right banks to .the Ganga and the river Bhagirathi may be merged with the Ganga causing thereby a massive flow of Ganga water into Bangladesh; and

(d) if so, what is Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई लोक अदालतें

1171. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में अब तक कुल कितनी बार लोक अदालतें आयोजित की गयी हैं ; और

(ख) इन लोक अदालतों की बैठकों में कुल कितने मामलों को अन्तिम रूप से निपटाया गया ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) और (ख) विधिक सहायता स्कीम कार्यान्वयन समिति के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अब तक 520 लोक अदालतें आयोजित की जा चुकी हैं जिनमें 5,07,872 मामले निपटाए गए हैं ।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के रिक्त पद

1172. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस समय न्यायाधीशों के कितने पद रिक्त पडे हैं और ये पद कब से रिक्त पड़े हैं;

(ख) इन रिक्त पदों को न भरे जाने के क्या कारण हैं , और

(ग) इन पदों पर कब तक नियुक्तियां कर दी जाएँगी ?

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज): (क) तारीख 1-8-1988 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीशों और अपर न्यायाधीशों के स्वीकृत 60 पदों में से 12 पद नीचे दी गई तारीखों से रिक्त पड़े हैं :—

अपर न्यायाधीश	स्थायी न्यायाधीश
15-10-84 . .	19-11-87
15-10-84 . .	6-1-88
15-10-84 . .	30-1-88
15-10-84 . .	11-4-88
15-10-84 . .	12-5-88
	1-7-88
	15-7-88